CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

❑ वर्ष- 29 ❑ अंक- 189 ❑ रायपुर, शनिवार 1 अगस्त 2026 ❑ पृष्ठ-8 ❑ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98


## आतंकियों ने नाम पूछकर चलाई गोलियां कुलगाम में छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की मौत




**नई दिल्ली, 1 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार रात आतंकवादियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया. आतंकियों ने ईंट भट्ठे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों को नजदीक से गोली मार दी, जिससे दोनों की मौत हो गई. इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश के लिए बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार रात करीब सवा आठ बजे कुलगाम के केलम क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर दो संदिग्ध आतंकी अचानक आ धमके. वहां काम करने वाले छत्तीसगढ़ के दोनों मजदूरों से आतंकियों ने पहले उनका नाम पूछा और उसके बाद उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं. गोलियां लगने से दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े. हमलावर मौके से फरार हो गए, जिसके बाद साथी मजदूरों ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घायल मजदूरों को पहले अनंतनाग के अस्पताल ले जाया गया, जहां एक मजदूर दीपक रातरे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरे घायल मजदूर भूपेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उसे श्रीनगर के बड़े अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गईं. नौ दिन के भीतर कश्मीर घाटी में यह दूसरा ऐसा मामला है जब आतंकियों ने बाहर से आए कामगारों को अपना निशाना बनाया है।

सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी: घटना की जानकारी मिलते ही सेना, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए. पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया गया है और आने-जाने वाले रास्तों पर जांच कड़ी कर दी गई है. अधिकारियों का कहना है कि इस कायराना हमले में शामिल आतंकवादियों को जल्द ही ढूंढ निकाला जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक वारदात के बाद से स्थानीय लोगों और अन्य राज्यों से आए कामगारों में भारी डर का माहौल है. प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कामगारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोका जा सके. खुफिया एजेंसियां भी इस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही हैं।

### मृतक मजदूरों के परिवारों को 10 लाख रुपए देगी उमर सरकार



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम आतंकी हमले में मारे गए छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम में मजदूरों की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि सरकार इस मुश्किल समय में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम में मजदूरों की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## आदिवासी कन्या छात्रावास में छात्रा की मौत, परिजनों ने लापरवाही के लगाए आरोप, अधीक्षिका निलंबित



**कवर्धा, 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** जिले के अमेरा आदिवासी कन्या छात्रावास में 7वीं कक्षा की छात्रा की मौत के बाद कथित लापरवाही का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. परिजनों ने छात्रावास प्रबंधन पर समय पर इलाज नहीं कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं. वहीं, विभाग ने तात्कालिक कार्रवाई करते हुए संबंधित अधीक्षिका को उनके पद से हटा दिया है. मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, अमेरा आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत कक्षा 7वीं की छात्रा बबिता पन्द्राम की 27 जुलाई की रात अचानक तबीयत बिगड़ गई. परिजनों का आरोप है कि उस समय छात्रावास अधीक्षिका मौजूद नहीं थीं और छात्रा को रात में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई. उनका कहना है कि उन्हें घटना की सूचना अगले दिन सुबह दी गई। सूचना मिलते ही परिजन छात्रावास पहुंचे और छात्रा को अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि उन्हें छात्रावास परिसर में प्रवेश करने से भी रोका गया. उनका कहना है कि अगर समय पर उपचार मिलता, तो छात्रा की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है. परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जिले के कई छात्रावासों में अधीक्षक नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते और पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आदिम जाति कल्याण विभाग की अधिकारी लक्ष्मी पटेल ने मीडिया को बयान देने से इनकार कर दिया. वहीं, विभाग ने तात्कालिक कार्रवाई करते हुए संबंधित छात्रावास अधीक्षिका को हटा दिया है. हालांकि, यह कार्रवाई आरोपों की पुष्टि नहीं मानी जाएगी और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## उदंती नदी में डूबा युवक: रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीम



**गरियाबंद, 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां एक युवक की उदंती नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस प्रशासन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई। यह पूरा मामला मैनपुर विकासखंड का है। डूमराबहाल चिंदा गांव निवासी राजकुमार (35) शनिवार को किसी कारणवश उदंती नदी में डूब गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भी राहत और बचाव काम शुरु कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं प्रशासन ने लोगों से बरसात के मौसम में उफनती नदियों और नालों के पास अनावश्यक रूप से जाने से बचने की अपील की है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### जिम्मेदारों को जगाने गड्ढे में बैठकर नहाया युवक, खोली बदहाल सड़क की पोल



**मुंगेली, 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** लंबे समय से जर्जर सड़क को नहीं सुधारे जाने पर एक युवक ने जिम्मेदारों को जगाने के लिए अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। बिलासपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चातरखार के पास सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बैठकर युवक ने बारिश के पानी से स्नान किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि मुंगेली से पंडरिया मार्ग पर चातरखार तक तथा बरेला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय से इस सड़क की हालत लगातार बदतर बनी हुई है।

## पाइप बिछा रहा मजदूर जिंदा मिट्टी में दबा, चार दिन बाद खुदाई में मिला शव



**भानुप्रतापपुर, 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है. नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान एक मजदूर जिंदा ही मिट्टी में दब गया, जिसकी किसी को भनक तक नहीं लगी. चार दिन बाद उसी जगह की खुदाई करने पर मजदूर का शव बैठी हुई अवस्था में मिला. घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम हिंगनझर में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने और घरेलू कनेक्शन देने का कार्य चल रहा है. 28 जुलाई को 30 वर्षीय रामदेव आंचला पाइपलाइन के नाली में उतरकर घरेलू कनेक्शन जोड़ रहा था. पीछे-पीछे जेसीबी चालक दूसरी ओर से गड्ढे में मिट्टी भरते हुए आगे बढ़ रहा था, जिसके चालक ने अनजाने में उसी स्थान पर भी मिट्टी डाल दी, जहां रामदेव काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि मजदूर को संभलने या मदद के लिए आवाज लगाने तक का मौका नहीं मिला और वह जिंदा ही मिट्टी में दब गया. घटना के समय अन्य मजदूर लगभग 20 से 40 मीटर की दूरी पर काम कर रहे थे, इसलिए किसी को भी हादसे की भनक तक नहीं लगी. दोपहर के भोजन के समय जब रामदेव नहीं पहुंचा तो साथियों ने उसकी तलाश शुरू की. मोबाइल पर कॉल करने पर शुरुआत में घंटी गई, लेकिन बाद में मोबाइल भी बंद हो गया।

परिजनों और गांव में भी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला. गुमशुदगी की सूचना कच्चे चौकी में दर्ज कराई गई. 31 जुलाई को पुलिस, ग्रामीणों और सरपंच की मौजूदगी में उस स्थान पर दोबारा खुदाई कराई गई, जहां से रामदेव लापता हुआ था. लगभग 10 मीटर की खुदाई के बाद मजदूर का शव गड्ढे के भीतर बैठी हुई अवस्था में मिला। शव निकलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जेसीबी चालक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तत्काल चालक को हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया. आरोपी जेसीबी चालक नें बताया मैं दूसरी तरफ से गड्ढा भरते हुए आ रहा था. वहां कोई दिखाई नहीं दिया. मुझे बिल्कुल पता नहीं था कि अंदर मजदूर काम कर रहा है. लंच के समय जब वह नहीं मिला, तब खोजबीन शुरू हुई। पुलिस ने पंचनामा तैयार करने के बाद शव को भानुप्रतापपुर जिला अस्पताल भेज दिया, जहां आज शव का पोस्ट मार्टम किया जायगा. मजदूर का शव बरामद होने के बाद अब पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं।

## चावल व्यवसाय में नुकसान की रंजिश बनी हत्या की वजह, आरोपी गिरफ्तार

### नारी महानदी पुल हत्या के सनसनीखेज मामले का हुआ खुलासा

- एसपी भावना पांडेय, एएसपी शैलेन्द्र पांडेय, देवचरण पटेल, कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने प्रेसवार्ता लेकर किया खुलासा
- सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों की गहन जांच से मिली सफलता कैंची एवं पाना से हमला कर की गई थी हत्या





बिरेंद्र कुमार साहू पिता कन्हैय्या लाल साहू 21 वर्ष निवासी सांकरा थाना मगरलोड तक पुलिस पहुंची।

**धमतरी 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** नारी महानदी पुल हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा एसपी भावना पांडेय, एएसपी शैलेन्द्र पांडेय, देवचरण पटेल, कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने प्रेसवार्ता लेकर किया। एसपी ने बताया कि 22 जुलाई को नारी महानदी पुल के ऊपर मुख्य मार्ग पर नीरज साहू पिता खुमान साहू, 27 वर्ष, निवासी कुण्डेल, चौकी करेलीबड़ी, थाना मगरलोड का शव खून से लथपथ अवस्था में मिला था। मृतक के गले एवं माथे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे तथा घटनास्थल पर उसका बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-06-जीटी-7675 भी खड़ा मिला था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी भावना पांडेय द्वारा तत्काल थाना कुरूद, थाना मगरलोड एवं साइबर टीम की अलग-अलग टीमें गठित कर आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों ने लगातार कई दिनों तक घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य विश्लेषण एवं लगातार घटना से जुड़े संभावित मार्गों एवं क्षेत्रों में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला गया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, संदिग्ध गतिविधियों, घटनाक्रम एवं उपलब्ध सुरागों का सूक्ष्म विश्लेषण किया। लगातार की गई मेहनत और साक्ष्यों के आपसी मिलान के बाद संदेही

**पूछताछ में आरोपी ने किया हत्या का खुलासा**

संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने मृतक नीरज साहू की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एवं मृतक दोनों चावल का व्यवसाय करते थे। मृतक का व्यवसाय अच्छा चलने एवं उसकी कमाई अधिक होने के कारण आरोपी उसके प्रति अंदर ही अंदर रंजिश रखता था।इसी रंजिश एवं द्वेष के चलते कैंची एवं पाना से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कैंची एवं पाना बरामद कर गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## ‘हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं’, एमपी पप्पू यादव के खिलाफ थाने में शिकायत; साधु बनकर पहुंचे थे संसद

**नई दिल्ली, 1 अगस्त (न्यूज चैनल)।** जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन में सांसद पप्पू यादव के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत सूर्य मैथिल नाम के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने पप्पू यादव पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। सूर्य मैथिल ने अपनी शिकायत में कहा है कि संसद परिसर के अंदर पप्पू यादव ने एक विरोध-प्रदर्शन किया था। इस विरोध-प्रदर्शन के तरीके और विषय-वस्तु से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत में पप्पू यादव के कृत्य को आपत्तिजनक बताया गया है। पुलिस ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया है। मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। यह जांच शिकायत की सत्यता का पता लगाने के लिए की जा रही है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने साधु के कपड़े पहनकर शुक्रवार को संसद परिसर में अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी को दिखाने वाला प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके साथ विपक्ष के कई अन्य सांसद भी मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। यह प्रदर्शन अयोध्या राम मंदिर चंदे में कथित चोरी और 20 जुलाई को छात्रों के संसद मार्च के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में किया गया।

### बिरादरी की बात



चूहा- सुनती हो, अब तो राजनेता संसद में साधु बनकर प्रदर्शन कर रहें हैं..!

चुहिया- हां जी, राजनेताओं को नाटक ही तो करना अच्छा आता है..!

## किश्तवाड़ के छात्रू में बादल फटने से मची तबाही: अचानक आया सैलाब

### वाहन बहे, सभी स्कूलों में छुट्टी का आदेश



**नई दिल्ली, 1 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में शनिवार को बादल फटने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। अचानक आए तेज बहाव और मलबे की चपेट में आने से कुछ वाहन बह गए, जबकि कई जगहों पर संपत्तियों को नुकसान पहुंचने की सूचना है। प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। बादल फटने के बाद क्षेत्र में पानी और मलबे का तेज बहाव देखने को मिला, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि राहत की बात यह है कि अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान या किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

घटना को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए छात्रू-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि वे मौसम की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें। लगातार खराब मौसम और बादल फटने की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन ने किश्तवाड़ जिले के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## हाईकोर्ट का अदालतों को निर्देश, सांसद और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की जल्द हो सुनवाई



**बिलासपुर, 1 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सांसद, विधायक, पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरणों की जल्द सुनवाई करने के निर्देश विभिन्न अदालतों को दिए हैं। न्याय मित्र डॉ. एन.के. शुक्ला ने डिवीजन बेंच को बताया कि पिछली बार जारी स्टेटस रिपोर्ट की तुलना में जनप्रतिनिधियों से जुड़े लंबित आपराधिक मामलों की संख्या में दो मामलों की कमी आई है।

एक मामला रायपुर और दूसरा कबीरधाम जिले का बताया गया है। दोनों प्रकरणों का इस अवधि में निराकरण हो चुका है। डिवीजन बेंच ने स्थिति को रिकॉर्ड पर लेते अगली सुनवाई, 25 अगस्त को तय की है। साथ ही अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त कर पेश करने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान बात सामने आई कि जून 2026 की स्थिति में बिलासपुर जिले में संबंधित आपराधिक प्रकरण शामिल है। इसमें कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव अव अन्य के खिलाफ मामला विचाराधीन है। इसके साथ ही बलौदाबाजार जिले में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सीजेएम कोर्ट में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा और अन्य से संबंधित मामलों में सुनवाई जारी है। अदालतों में इन प्रकरणों की अलग-अलग स्तर पर सुनवाई चल रही है।

जांजगीर-चांपा जिले में विधायक बालेश्वर साहू और अन्य से जुड़े मामलों की सुनवाई चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार आपराधिक प्रकरण में अभियोजन पक्ष के साक्ष्य दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह रायपुर में जनप्रतिनिधियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण आपराधिक मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। पीएमएलए, ईडी के स्पेशल कोर्ट में देवेंद्र यादव, चंद्रदेव प्रसाद राय और कवासी लखमा से संबंधित मामलों में सुनवाई चल रही है। सीजेएम रायपुर के कोर्टमें संजीव शुक्ला, देवेंद्र यादव, उद्देश्वरी करा, आकाश शर्मा और पूर्व सीएम भूपेश बघेल से जुड़े पुराने मामलों की न्यायिक प्रक्रिया चल रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को अगली सुनवाई तक संबंधित सभी ट्रायल कोर्ट से ताजा स्थिति रिपोर्ट प्राप्त कर हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 25 अगस्त 2026 की तिथि तय कर दी है। डिवीजन बेंच ने आदेश की प्रति तत्काल संबंधित निचली अदालतों को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि लंबित मामलों की प्रगति और अद्यतन स्थिति समय पर हाई कोर्ट के समक्ष रखी जा सके।

CMYK